आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में शीघ्र बिजली कनेक्शन दिए जाएं

टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्ट्रेट के सभागृह में सोमवार को कलेक्टर अविनाश लवानिया ने टीएल के प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीएल के सभी प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं पहल कर इन प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा कि हास्टल का रेंडम निरीक्षण किया जाये बाथरूम, रजाई-गद्दे, साफ-सफाई इत्यादि सुविधाओं के संबंध में जानकारी तैयर करने के लिए डिप्टी कलेक्टर के साथ कमेटी का गठन करने और इसकी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन हास्टल में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने नल-जल योजना के अंतर्गत जिले के आँगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों में जहां पर नल कनेक्शन दिये गये हैं, बिजली कनेक्शन की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन पर होने वाला व्यय पीएचई विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग शीघ्र नल जल योजना कनेक्शन का प्रतिवेदन तैयार कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को प्रस्तुत करे, जिससे आँगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा एवं कृषि विभाग के भवनों को मतदान केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के नवंबर माह तक के डेटाबेस पर शीघ्र कार्य करें। विशेषकर 300 दिवस वाले प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एमपी समाधान ऑनलाईन पोर्टल पर प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने के लिए सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिये।

प्रेक्षक सुनेंगे पंचायत चुनाव संबंधी शिकायतें

भोपाल। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2021 के लिये आईएएस सेवानिवृत्त राजेश कुमार जैन, मोबाइल नम्बर 9827040746 को प्रेक्षक नियुक्त किया है। पंचायत निर्वाचन संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे तक व्हीआईपी गेस्ट हाउस लालघाटी, भोपाल में प्रेक्षक से सम्पर्क किया जा सकता हैं। प्रेक्षक श्री जैन द्वारा प्रथम चरण में 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक पर्यवेक्षण किया जाएगा। मतदान, मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक पर्यवेक्षक का कार्य किया जाएगा।

अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती सम्मेलन का समापन
तीन दिन में देश-विदेश से 30 हजार से अधिक लोगों ने देखा

जीवन साथी ऐसा हो जो व्यापार में करे मदद

भोपाल(आरएनएन)। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती तीन दिवसीय ऑनलाईन परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 18 दिसम्बर को किया गया था। सम्मेलन के तीसरे एवं अंतिम दिन म0प्र0 शासन के पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता कार्यक्रम में पधारे और उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन जैसा कार्य देशभर में भोपाल का जैन समाज करता है और यह प्रसंशनीय है। सम्मेलन के तीसरे दिन देश विदेश से सम्मेलन में लगभग 30 हजार लोग जूम एप, यू-ट्यूब एवं अन्य माध्यम से जुड़े और जीवन साथी के संबंध में अपने-अपने विचार रखे। जर्मनी के दो लोगों ने अपना परिचय दिया। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया कि सम्मेलन के तीसरे दिन देश विदेश से 30 हजार से अधिक लोग जूम एप एवं अन्य माध्यम से देखा एवं 480 लोग जुड़े जिसमें 190 युवक-युवतियों ने अपना-अपना परिचय दिया। श्री जैनाविन ने बताया कि सम्मेलन के दौरान कई जगह व्यापारी समाज के परिवारों से चर्चा की गई तो उन्होंने अपनी बात कहते हुए कहा कि हमारा शहर टिमर तृतीय या टिमर द्वितीय का है लेकिन हमारे औद्योगिक क्षेत्र हैं तथा व्यापार व्यवसाय भी अच्छा है कई जगह बताया कि हमारे यहां बड़ी मण्डी है लेकिन युवतियां का मन छोटे शहरों का नहीं बन रहा है, वर्क फ्राम होम के कारण हमको परिवार के साथ रहना अच्छा लगा, इसलिये अब मन भी ऐसा हो रहा है कि संबंध भी हो सकते हैं, विदेशों में रह रहे युवक-युवती ने कहा हमें जीवन साथी राष्ट्रीय चाहिये जो संस्कारवान हो, बीच में बताया कि कुछ समय बाद अपने देश भारत लौटकर व्यापार करना चाहते हैं। कई प्रत्याशियों ने बोला कि अपनी कम्पनी को स्टार्ट अप के तौर पर भारत में लाना चाहते तो जीवन साथी के रूप में हमें ऐसा साथी चाहिए जो हमें आपने व्यापार में सहयोग करे, नौकरी करना चाहते हैं तो करें वरना परिवार को संभालें। कई अभिभावकों ने कहा कि धर्म के साथ जुड़े परिवार चाहिये, सामाजिक स्तर पर भी परिवार का रुझान होना चाहिए। श्री जैनाविन ने बताया कि तीसरे दिन पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ऑनलाईन परिचय सम्मेलन में पधारे और उन्होंने जैन समाज द्वारा किये जा रहे परिचय सम्मेलन की प्रशंसा की। सम्मेलन का संचालन प्रभात चक्रवर्ती, रुपल भारिल एवं राजीव जैन ने किया। परिचय सम्मेलन के प्रवक्ता जैनाविन ने बताया किया अध्यक्ष मनोहरलाल टोंग्या, एनसी जैन, इंजीनियर मनोज एमआर संयोजक राकेश सिंघई, प्रमोद हिमांशु सुनील पटेल, महामंत्री विनोद जैन, पदम सेठी ,राकेश लहरी, आदित्य मनिया, प्रभात चक्रवर्ती, मनोज जैन एमके एडवोकेट राजेश जैन मुकेश चौधरी, विजय शाहगढ़, विनोद भिंड, चंद्रकुमार जैन, मयंक जैन, नितिन जैन, राजीव जैन आनंद कुमार आदि सहित समाज के अन्य लोगों ने सम्मेलन को सफल बनाने में भूमिका निभाई।

190 युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय

एक्सप्रेस न्यूज

महिला तस्कर समेत दो से 18 किलो गांजा बरामद, स्टेशन बजरिया पुलिस की कार्रवाई

भोपाल। स्टेशन बजरिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाली एक महिला व उसके साथी को गिरफ्तार कर 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत दो लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि द्वारिका नगर पुलिया के आगे मरीमाता मंदिर के पास कृष्णा नगर तिराहे पर एक महिला और एक पुरुष गांजा लिए खड़े हैं और खपाने के लिए किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही स्टेशन बजरिया पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिए वाली महिला व पुरुष को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर महिला के कब्जे से 11 किला व पुरुष के पास से सात किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों का नाम किरण बाई (56) निवासी कैंची छोला थाना छोला मंदिर व योगेश बडोनिया (26) निवासी रविदासपुरा रेजीमेंट रोड शाहजहांनाबाद बताए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर भोपाल में बेचते हैं।

बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार

भोपाल (आरएनएन)। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार के लिये बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत सतत गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे कुपोषण में कमी आई है। कलेक्टर अविनाश लवानिया द्वारा जिले को कुपोषण के कलंक से मुक्त करने नियमित रूप से मॉनीटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। कुपोषण मुक्ति अभियान में कई नवाचार किये जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, भोपाल द्वारा बताया गया कि सितम्बर माह से अभी तक विशेष अभियान में पोषण पालकों के सहयोग, पोषण-किट वितरण, चिकित्सकीय परामर्श, टेली मेडीसिन, आंचल, महामास तेल मालिश तथा सुपुष्टि चूर्ण का सेवन किये जाने से जिले में माह सितम्बर 2021 में चिन्हांकित 330 गंभीर कुपोषित बच्चों में से 251 बच्चे अर्थात 76 प्रतिशत सामान्य, मध्यम श्रेणी में अपग्रेड हो गये हैं, मात्र 79 बच्चे ही गंभीर कुपोषण श्रेणी से शेष हैं। इसी प्रकार चिन्हांकित 2355 मध्यम कुपोषित बच्चों में से 1817 बच्चे अर्थात 77 प्रतिशत सामान्य श्रेणी में अपग्रेड हो गयें हैं।

फसलों को पाले से बचाने किसानों को सलाह, शाम के समय खेतों में धुआं करें

भोपाल (आरएनएन)। भोपाल संभाग में अचानक तापमान में हुई गिरावट को देखते हुए रबी फसलों में शीतलहर या पाला पड़ने की संभावना बन रही है । संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल बीएल बिलैया ने कृषक बंधुओं को सलाह दी है कि पाला से बचाव के लिए फसलों में हल्की सिंचाई करें । पर्याप्त नमी होने से फसलों में नुकसान की संभावना कम होती है । पाला होने की स्थिति में शाम के समय खेत की मेड़ पर धुआँ करें और सिंचाई शाम-रात्रि के समय करें इसके अलावा सल्फर का 2 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या नहीं तो पाला लगने के तुरंत बाद यानी अगले दिन प्रातः काल ग्लूकोन डी 10 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें। संयुक्त संचालक श्री बिलैया ने बताया कि सर्दी के मौसम में पानी का जमाव हो जाता है जिससे कोशिकायें फट जाती है एवं पौधे की पत्तिया सूख जाती हैं परिणास्वरूप फसलों में भारी क्षति हो जाती है । पालों से पौधों तथा फसलों पर प्रभाव पाले के प्रभाव से पौधों की कोशिकाओं में जल संचार प्रभावित होता है। प्रभावित फसल अथवा पौधे का बहुभाग सूख जाता है जिससे रोग एवं कीट का प्रकोप बढ़ जाता है । पाले के प्रभाव से फल और फूल नष्ट हो जाते हैं। पाले के प्रभाव से सब्जिया अधिक प्रभावित होती हैं एवं पूर्णतः नष्ट हो जाती हैं। जिले के समस्त कृषक बंधुओं को सलाह दी गई है कि उपरोक्तानुसार अपनी फसलों को पाला से बचाव के उपाय अपनाएं।

पांच दिवसीय श्री साई अमृत कथा 26 से

भोपाल (आरएनएन)। पुराने भोपाल के बैरसिया रोड पुतली घर स्थित 34 साल पुराने साई बाबा मंदिर में श्री साई अमृत कथा का आयोजन होने जा रहा है। आने वाली 26 दिसंबर से शुरू हो रही कथा, गुरुवार 30 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें शिरडी के श्री साई बाबा की लीलाओं का वर्णन किया जायेगा। साथ ही आज के समय में साई बाबा की शिक्षाओं से कैसे जीवन को सफल बनाया जाये, इस पर भक्तों को विशेष प्रवचन सुनने को मिलेंगे। शिर्डी साई धाम का प्राचीन एवं प्रसिद्ध साई मंदिर है, जिसकी स्थापना 1987 में स्वर्गीय शरद शांडिल्य द्वारा की गयी थी। मंदिर को 34 वर्ष पूरे होने की स्मृति में 26 से 30 दिसंबर तक, पांच दिवसीय पुष्पोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर दिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्री साई अमृत कथा होगी। साथ ही पांचों दिन मंदिर में भंडारा भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त श्री साई अभिषेक पूजा , सत्यनारायण पूजा, सुन्दर कांड , साई का खजाना और छप्पन भोग जैसे कई धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।

जिला पंचायत सदस्य के लिए जमा किया नामांकन

नज़ीराबाद (आरएनएन)। 20 दिसंबर दिन सोमवार को चुनाव फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख को देखते हुए उम्मीदवारों का खासा हुजूम देखने को मिला। वहीं जनवरी में आने वाले पंचायत चुनावों को देखते हुए सभी जगह चुनावी माहौल के चलते उम्मीदवारों ने जिला पंचायत चुनाव के पर्यवेक्षक आईएएस राजेन्द्र जैन की उपस्थिति में भोपाल कलेक्ट्रेट कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम क्षितिज शर्मा एवं राजेश गुप्ता के समक्ष नामांकन जमा किए। भोपाल जिला पंचायत चुनाव में सदस्य पद हेतु वार्ड क्रमांक 6 से विजय सक्सेना मूलतः निवासी नज़ीराबाद ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र भोपाल कलेक्ट्रेट में दाखिल किया।

स्वर्णकार समाज की बैठक 26 को

भोपाल (आरएनएन)। मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति द्वारा भव्य एवं विशाल स्वर्णकार कल्याण जागृति यात्रा व्यवस्थित निकालने के संबंध में 26 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे से बांके बिहारी मंदिर, मारवाड़ी रोड में बैठक आयोजित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा सोनी ने बताया कि इस बैठक में 15 जनवरी को मुख्य मार्गो से निकलने वाली यात्रा के बारे में समितियां बनाई जाएंगी। 50 जगह समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कल्याण जागृति यात्रा 5 दिसंबर को मैहर से प्रारंभ होकर 15 जनवरी को भोपाल में समापन होगा एवं 16 तारीख को विशाल महासभा हिंदी भवन में होगी।

जीएसटी बढ़ाए जाने पर विरोध आज

संत हिरदाराम नगर (आरएनएन) मध्यप्रदेश की जी एस टी संघर्ष समिति की गूगल मीट सम्पन्न हुई । सभी शामिल प्रतिनिधियों द्वारा आगे की विरोध की रणनीति पर चर्चा हुई। कई सुझाव सदस्यों द्वारा चर्चा में सामने आये । सबकी सहमति से यह तय हुआ कि विरोध के प्रथम चरण की शुरुआत मंगलवार से गुरुवार तक प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से 7.20 तक बीस मिनट अपनी दुकान की लाईट बंद कर दुकान पर बाहर खड़े होकर थाली/लोटा आदि बजाना है ।

सीएम ने रोपे पीपल और सप्तपर्णी के पौधे

भोपाल (आरएनएन)। सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी पार्क में पीपल और सप्तपर्णी के पौधे रोपे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान से मिलने मिशन समर्पण संस्था के सदस्य भी पहुंचे और पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मिशन समर्पण संस्था के पदाधिकारियों से गतिविधियों की जानकारी ली।

मिशन समर्पण संस्था बीते साल से शिक्षित एवं कौशल के लिए काम कर रही है। शहर के शबरी नगर इलाके में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व नैतिक शिक्षा, योग, कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण आदि उपलब्ध करा रही है। संस्था ने कोरोना काल के दौरान खाद्यान्न वितरण, ब्लड डोनेशन किया। वर्तमान में मिशन समर्पण संस्था ने राज्य आनंद संस्थान के सहयोग से आनंदम केंद्र की स्थापना भी शबरी नगर में की है और नेकी की दीवार के साथ-साथ प्रतिदिन शिक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के राकेश नागर, आकांक्षा राठौर, शुभम राय और कक्षा 6 के विद्यार्थी रूद्रप्रताप सिंह सहित निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एमपीटी के फूड फेस्टिवल में पर्यटकों ने लिया लुप्त होते दाल व्यंजनों का स्वाद

भोपाल (आरएनएन)। मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई होटल चंपक बंगला पचमढ़ी में पर्यटकों हेतु दाल भाजा फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया जिसमें की कार्यक्रम की थीम विभिन्न प्रकार की दालों से बने व्यंजनों पर रखी गई। इसमें इस थीम के माध्यम से पर्यटकों को अलग- अलग तरह से बने दालों से बने सूप से लेकर डेसर्ट तक व्यंजनों को परोसा गया, जिसे पर्यटकों ने बेहद सराहा। इस दाल फूड के आयोजन के संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक पचमढ़ी सैयद आरिफ नकवी ने बताया कि इस दाल भाजा फेस्टिवल को करने का उद्देश्य पर्यटकों को विभिन्न प्रकार की दालों से बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखाना है ऐसे व्यंजन जो कि विलुप्त हो चुके हैं उन दालों से बने व्यंजनों को पुनः सभी के सामने लाया गया जिसमें की विशेषतौर पर इस कार्यक्रम का आकर्षण दद्दा खिचड़ा स्पेशल, दाल बुखारा, बुआ वाली इमरती दीदी अम्मा का डालचा खाला की दाल, नानी के दलदली कबाब, टोला बेबी दी दाल खास थे। साथ में तड़का कैंप फायर डांस मस्ती खूब पसंद किया गया एमपीटी की यही कोशिश है यहां आने वाले टूरिस्ट का पैसा वसूल हो यहाँ से खुश हो कर जाएं इससे हमें संतुष्टि मिलती है। 31 दिसंबर तक और भी योजना है कुछ नया देने की जो सब को सरप्राइज करेंगे पर्यटकों द्वारा भी इस तरह के व्यंजनों को बहुत सराहा गया और उनके द्वारा यह कहा गया कि इस तरह के फूड फेस्टिवल में उपस्थित होकर उन्हें बहुत अच्छा लगा एवं होटल चंपक के प्रबंधक दिनेश सोरी एवं समस्त स्टाफ को पर्यटकों द्वारा इस कार्यक्रम को करने की बधाई दी गई।

डॉ मुखर्जी विज्ञान एंव वाणिज्य महाविद्यालय में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

भोपाल (आरएनएन)। युवा उत्सव 2021-22 के तहत शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को 2 दिवसीय युवा उत्सव 2021-22 का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. संजय तेलंग द्वारा किया गया। युवा उत्सव के प्रथम चरण में संगीत, साहित्यिक तथा ललित कला विधा से संबंधित प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें एकल गायन (सुगम) में निर्मला जलक्षत्रिय ने प्रथम स्थान तथा हर्षित शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक मुरे प्रथम तथा हर्षित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता के अन्तर्गत अभिषेक मुरे (पक्ष में) प्रथम तथा ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुराग बरकरे पक्ष में द्वितीय तथा शुभम जैन विपक्ष में द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं प्रश्नमंच प्रतियोगिता में आकाश सिंह चौहान प्रथम, बबलू अहिरवार द्वितीय व अमर गिरी तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में निशा बेरवा प्रथम व रोहित यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। स्थल चित्रण में प्रथम गौरव गप्ता तथा शिवानी परिहार द्वितीय रहीं।

आज नोटरी वकील कार्य से विरत रहेंगे

भोपाल (आरएनएन)। राजधानी में नोटरी का काम करने वाले नोटरी वकील मंगलवार को अपना कामकाज बंद रखकर नोटेरियल कार्य से विरत रहेंगे । जिला बार एसोसिएशन के नोटरी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर पाठक ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा नोटरी अधिनियम 1952 में संशोधन किए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर उसका प्रारुप बनाये जाने के विरोध में मंगलवार को राजधानी के नोटरी वकील नोटेरियल कार्य से विरत रहेंगे। पाठक ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे जिला बार एसोसिएशन के सभागार में नोटरी वकीलों की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रकोष्ठ द्वारा आंदोलन की अगली रणनीति तैयार की जाएगी ।

सिंधी महिला पंचायत द्वारा अखंड रामधुन का आयोजन

संत हिरदाराम नगर। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड राम धुनी का आयोजन सिंधी महिला पंचायत द्वारा किया जाएगा। यह रामधुन दोपहर 12 से 5 बजे तक लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में 25 से 31 दिसंबर को किया होगी। रामधुनी की शुरुआत तथा समापन समारोह सुखमनी पाठ से होगा। रामधुनी में कोविड के नियमों का पालन किया जाएगा। सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ओर महामंत्री मधु लालवानी ने रामधुनी का लाभ लेने की अपील की है। मीटिंग में शोभा शेवकरामानी, नेहा आहूजा, पुष्पा मोतियानी, किरण रुघवानी आदि उपस्थित थीं।

DIRECTORATE OF SPORTS AND YOUTH WELFARE
T.T. Nagar Stadium, Bhopal-462003 (M.P.)
Tel. : 0755-2761448, 2778151, Fax : 0755-2775256
S.No. 7371/DSYW/Infra/2021 Date : 20.12.2021

E-TENDERING NOTICE

The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal on behalf of Govt. of Madhya Pradesh, Bhopal invites online tenders from contractors fulfilling the prequalification criteria as per the detailed NIT published on **https://www.mptenders.gov.in** for "Providing & Laying of FIH approved system of synthetic Hockey Surface of Global Category (non filled water based surfaces) with sock pad including construction of sub-base, providing, laying and commissioning of Sprinkler System & other work including disposal of unserviceable material form site etc at BALAGHAT (M.P.).

1. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in** If any queries regarding participation through e-tender process interested bidder may contact on **Toll Free No. 18002588684.**
2. The corrigendum and addendum issued (if any) related to this bid will be published on above mention e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/103004/2021 **DIRECTOR**

ASPIRE HOME FINANCE
एस्पायर होम फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, अपोजिट एसटी डिपो, प्रभादेवी, मुम्बई-400025
ईमेल :- info@ahfcl.com
सीआईएन नंबर:- U65923MH2013PLC248741

संशोधन

कृपया हमारी ई-नीलामी सह विक्रय के लिये आम सूचना के संबंध में जो दिनांक 20.12.2021 को इस समाचार पत्र के पेज नंबर 5 में प्रकाशित हुई थी, क्रम सं. 2 में कृपया ऋणकर्ता का नाम त्रुटिवश महेश रामेश्वर ओझा प्रकाशित हो गया है, अतः महेश रामेश्वर ओझा के स्थान पर मनीष रामेश्वर ओझा पढ़ा जाये।
अन्य विवरण यथावत् रहेगी।
हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी

के.एस. ऑयल्स लिमिटेड की संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए विक्रय सूचना-परिसमापन में
(16 मार्च 2021 के माननीय एनसीएलएटी के आदेश के द्वारा परिसमापन के तहत एक कंपनी)

के.एस. ऑयल्स लिमिटेड-इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 के तहत परिसमापन हेतु (विवरण के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज देखें) निम्न सम्पत्तियों के **जहाँ है, जैसी है आधार, जैसी है, वैसी है आधार, जो कुछ भी है और कोई सहारा नहीं आधार पर** विक्रय हेतु ई-नीलामी सेवा प्रदाता एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से दिनांक 20.01.2022 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 06 बजे तक होने वाली ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक घोषणा की जाती है। भाग लेने और पंजीकरण करने के लिए **www.mstcecommerce.com** पर लॉग ऑन करें और अधिक विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.mstcinida.co.in** पर विजिट करें।
इच्छुक आवेदक कॉर्पोरेट देनदार की वेबसाईट **http://ksoils.com** पर एवं ई-नीलामी वेबसाइट पर अपलोड विस्तृत रूचि प्रदर्शन दस्तावेज को रेफर कर सकते हैं।
नीलामी विक्रय ई-नीलामी प्लेटफॉर्म प्रत्येक 8 मिनट (असीमित के साथ) के विस्तार के माध्यम से की जाएगी।

विक्रय संपत्ति का विवरण	पता	लॉट	आरक्षित मूल्य (भारतीय रूपये में)	धरोहर राशि (भारतीय रूपये में)
गुना, मध्य प्रदेश में विनिर्माण इकाई क्षेत्र-76.80 एकड़)	ग्राम सिलावती, ए-बी रोड, गुना, मध्य प्रदेश	लॉट-1	133.99 करोड़	6.70 करोड़
कोटा, राजस्थान में विनिर्माण इकाई क्षेत्र-30.42 एकड़)	सर्वेक्षण संख्या 626,783 और 792,840 (भाग), 838 और 839 बारन रोड, ग्राम-ताथेड़, कोटा, राजस्थान	लॉट-2	84.13 करोड़	4.21 करोड़
मुरैना, मध्य प्रदेश में विनिर्माण इकाई (क्षेत्र-14.03 एकड़)	औद्योगिक क्षेत्र, ए-बी रोड, मुरैना, मध्य प्रदेश	लॉट-3	59.54 करोड़	2.98 करोड़
रतलाम में विनिर्माण इकाई (क्षेत्र-21.86 एकड़)	खसरा नं. 212/1, 212/2,213,215,210,209/1 एवं 209/2 ग्राम खार खेड़ी, महू नीमच रोड, रतलाम, मध्य प्रदेश	लॉट-4	75.50 करोड़	3.77 करोड़
मुरैना में भूमि (क्षेत्रफल 27.26 एकड़)	औद्योगिक क्षेत्र, ए-बी रोड, मुरैना मध्य प्रदेश	लॉट-5	2.44 करोड़	12 लाख
गुना में भूमि (क्षेत्रफल-56.28 एकड़)	ग्राम सिलावती, ए-बी रोड, गुना, मध्य प्रदेश	लॉट-6	4.72 करोड़	24 लाख
रतलाम में भूमि (क्षेत्रफल-5.43 एकड़)	खसरा नं 268/1 और 268/2, ग्राम खरा खेड़ी में, महू नीमच रोड, रतलाम, मध्य प्रदेश	लॉट-7	1.78 करोड़	9 लाख

रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.01.2022 सांय 5 बजे तक है। सभी ईओआई http://ksoils.com पर अपलोड किए गए आमंत्रणों के अधीन हैं। सभी संचार kuverma@gmail.com/liquidation.ksoils@gmail.com पर भेजने हैं।

कुलदीप वर्मा
के.एस. ऑयल्स लिमिटेड के परिसमापक
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या-IBBI/IPA-001/IP-P00014/2016-17/10038
पंजीकृत पता: 46 बी.बी गांगुली स्ट्रीट, 5वीं तल, यूनिट नंबर-501, कोलकाता-700012
पंजीकृत ईमेल आईडी: ई: kuverma@gmail.com
फोन: +91 98360 77900
दिनांक: 21.12.2021, स्थान: कोलकाता

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	स्थावर सम्पत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
(ऋण खाता संख्या) L9001060120238737 दिलीप सिंगारे (ऋणी एवं बंधककर्ता), श्रीमती सुनिता सिंगारे (सहऋणी)	31-मई-21 ₹ 3,41,370/- Rs. तीन लाख इकतालीस हजार तीन सौसत्तर रूपये मात्र 31-मई-21 तक	रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि / बिल्डिंग / स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित बी नं. 473, पीएच नं. 5, नयी भूमि, खसरा नं. 758/2, वार्ड नं. कुछ नहीं, मुख्य रोड पर, बाजार चौक के पास, ग्राम मुजावारमाल, साओरी, तहसील मोहखेड, जिला: छिंदवाडा, मप्र, क्षेत्रफल 200 वर्गफीट, पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: कु. रूचि सिंगारे का मकान, उत्तर: मोरडूंगरी रोड, दक्षिण: कलावती की भूमि	15-दिसम्बर-21
(ऋण खाता संख्या) L9001060117560029 सुरेश मालवी (ऋणी)	10-जुलाई-21 ₹ 4,79,843/- चार लाख उनयासी हजार आठ सौ तेतालीस रूपये मात्र 07-जुलाई-21 तक	रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि / बिल्डिंग / स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 420 5 सुरेश का प्लॉट पी सी नं. 16 सर्किल छिंदवाडा 2 बी नं. 442 मौजा भाईसा दंड छिंदवाडा मप्र 480331 क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट	15-दिसम्बर-21
(ऋण खाता संख्या) L9001060100447166 आभाष जैन (ऋणी), आभा जैन (सहऋणी), विवेक रानी जैन (सहऋणी), विनोद जैन (गारंटर)	10-जुलाई-21 ₹ 4,69,740/- चार लाख उनहत्तर हजार सात सौ चालीस रूपये मात्र 07-जुलाई-21 तक	रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि / बिल्डिंग / स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित 129 खसरा नं. 582/1 मौजा गुरैया स्थित बी नं. 129 सर्किल छिंदवाडा 02 तहसील एवं जिला: छिंदवाडा मप्र 480001 क्षेत्रफल 93.84 वर्ग मीटर	15-दिसम्बर-21
(ऋण खाता संख्या) L9001060115281863, कैलाश नारायण (ऋणी एवं बंधककर्ता)	23-अप्रैल-21 ₹ 20,23,097/- बीस लाख तेइस हजार सतानवे रूपये मात्र 21-अप्रैल-21 तक	रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि / बिल्डिंग / स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित वार्ड नं. 13 अशोक नगर, पीएच नं. 21/47 खसरा नं. 8/1/1/1/1 तहसील एव जिला: रायसेन मप्र क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, पूर्व: 15 फीट रोड, पश्चिम: 15 फीट रोड, उत्तर: 20 फीट रोड, दक्षिण: बाला दादा का मकान	16-दिसम्बर-21
(ऋण खाता संख्या) L9001060100916562, भुवन सिंह (ऋणी), ममता चौहान (सहऋणी), घनश्याम चौहान (गारंटर)	16-अगस्त-21 ₹ 2,82,132/- दो लाख बयासी हजार एक सौ बत्तीस रूपये मात्र 16-अप्रैल-21 तक	रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि / बिल्डिंग / स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 724